

"भारोत्तोलक की डोपिंग को लेकर प्रतिष्ठा खराब है लेकिन यह (डोपिंग) हर जगह है। मेरी अकादमी है और जब मैं बच्चों से मिलती हूं तो सिर्फ इतना कहती हूं कि गलत मार्गदर्शन को मत सुनो।"

-कर्ण मल्लेश्वरी

ओल्पिक कांस्य पदक विजेता भारोत्तोलव, डोपिंग को लेकर




**आज का खिलाड़ी** ▶



**लक्ष्य सेन**

**भारत** के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन कनाडा ओपन में खिताबी जीत के दम पर मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर पहुंच गये।

इक्कीस वर्षीय सेन ने कनाडा के कैलगरी में रविवार को एक रोमांचक फाइनल में ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग को 21-18, 22-20 से हराकर अपना दूसरा बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 खिताब जीता था।

सेन के 54901 अंक है और वह एचएस प्रणय के बाद भारतीय खिलाड़ियों में दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ बदलाव के दौर की शुरूआत करेगी टीम इंडिया

**रोसीयू (डोमिनिका), 11 जुलाई।** भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के जरिये बदलाव के दौर की शुरूआत करेगी तो फोकस युवा यशस्वी जायसवाल पर रहेगा।

मेजबान वेस्टइंडीज के लिये विश्व कप क्वालीफायर में मिली हार के जख्म अभी ताजा हैं और वह भारत जैसी मजबूत टीम को हराकर विश्व क्रिकेट में अपना अस्तित्व बनाये रखने की कोशिश में होगा।

चेतेश्वर पुजारा को बाहर किये जाने के बाद भारतीय शीर्षक्रम में एक जगह खाली हुई है। उम्मीद की जा रही है कि मुंबई का बेहद प्रतिभाशाली बल्लेबाज जायसवाल उस कमी को पूरा करेगा और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के शानदार फॉर्म को यहां जारी रख पायेगा। वैसे सीधा हल तो उसे तीसरे नंबर पर उतारना होगा लेकिन शुभमन गिल स्वाभाविक तौर पर मध्यक्रम का बल्लेबाज है। जायसवाल मुंबई, पश्चिम क्षेत्र और शेष भारत के लिये पारी की शुरूआत करता आया है। शीर्षक्रम पर उतरना उसके लिये मुश्किल नहीं होगा। इस साल के आखिर में दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले उसके लिये अनुभवी केमार रोच, शेनोन गैब्रियल, अलजारी जोसफ और जैसन होल्डर जैसे गेंदबाजों को खेलना अच्छा अनुभव होगा। भारत का नया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र पिछले दो चक्रों की तुलना में कठिन होगा। पिछले दो सत्र में भारतीय टीम बेहतरीन तेज गेंदबाजी और सधे हुए बल्लेबाजी क्रम के दम पर फाइनल में पहुंची थी।

अब प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह लंबे समय से चोटिल हैं जबकि मोहम्मद शमी को इस श्रृंखला के लिये आराम दिया गया है। भारतीय टीम के आक्रमण में धार की कमी दिख रही है। ईशांत शर्मा पिछले दो चक्र खेले हैं लेकिन इस बार कमेंट्री करेंगे जबकि 36 वर्ष के उमेश यादव का हैमस्ट्रिंग चोट के बाद वापसी कर पाना मुश्किल है।

ऐसे में 19 वर्ष के मोहम्मद सिराज तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे जिनका साथ देने के लिये नौ टेस्ट का अनुभव रखने वाले शार्दुल ठाकुर होंगे। ऐसे में एक बार फिर दारोमदार रविचंद्रन अश्विन (474 विकेट) और रविंद्र जडेजा (268) की स्पिन जोड़ी पर रहेगा। इन चारों का चयन तो तय है लेकिन मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट और नवदीप सैनी में से एक को चुनना आसान नहीं होगा। विकेटकीपर के तौर पर कोना भरत पर ईशान किशन को तरजीह दिये जाने की उम्मीद है जिन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी खुद को साबित किया है। विंडसर पार्क पर छह साल बाद टेस्ट मैच होने जा रहा है और इसी प्रारूप में पिछले कुछ साल में कैरेबियाई टीम अच्छा खेल पाई है। ऐसे में यह सोचना मूर्खता होगी कि विश्व कप क्वालीफायर का असर टेस्ट में उनके प्रदर्शन पर पड़ेगा।

उनके पास रोच (261 विकेट) और गैब्रियल (164 विकेट) जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज हैं। गैब्रियल सफेद गेंद का क्रिकेट नहीं खेलते हैं। ऐसे में कप्तान रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली के लिये कैरेबियाई पिचों पर अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण रहेगा। तीनों की अपनी तरह की चुनौतियां होगी। रोहित के लिये 50 ओवरों के विश्व कप में बहुत कुछ दाव पर होगा। उन्हें दो मैचों की श्रृंखला पहले जीतनी होगी और विश्व कप के बाद टेस्ट कैरियर बचाये रखने के लिये बल्ले से भी योगदान देना होगा।

विराट को कुछ बड़ी पारियां खेलनी होगी। आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंदों पर उनकी कमजोरी कैरेबियाई गेंदबाज भांप सकते हैं। ऐसे में खराब प्रदर्शन टीम में उनके स्थान पर भी प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। कोहली और पुजारा दोनों ने पिछले तीन साल में 30 से कम की औसत से टेस्ट रन बनाये लेकिन पुजारा को बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

रहाणे टीम में वापसी कर रहे हैं और उन्हें उपकप्तान भी बनाया गया है। नाकाम रहने की दशा में सबसे पहले बाहर होने वालों में वही होंगे चूंकि रूतुराज गायकवाड़ का दावा भी मजबूत हैं। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी वापसी करेंग।

# मैनचेस्टर में न भी खेलूं तो कोई गम नहीं : एंडरसन

लंदन, 11 जुलाई। इंग्लैंड के अनुभवी गेंदबाज़ जेम्स एंडरसन ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध मैनचेस्टर में होने वाले चौथे एशेज़ टेस्ट से पहले स्पष्ट कर दिया है कि अगर उन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का मौका न भी मिले तो उन्हें इसका कोई मलाल नहीं होगा।

इस महीने के अंत में 41 साल के होने वाले एंडरसन लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेले गये तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड की टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। उन्होंने शृंखला के शुरुआती दो मैचों में 75.33 की औसत से सिर्फ तीन विकेट ले सके, जिसके बाद उन्हें एकादश से बाहर रखने का फैसला लिया गया।

यह भले ही मैनचेस्टर में अपने घरेलू मैदान पर खेलने का एंडरसन का संभवतः आखिरी मौका हो, लेकिन वह जानते हैं कि कोच ब्रैंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स भावनाओं के वेग में बहकर कोई फैसला नहीं लेंगे। एंडरसन ने टेलीग्राफ में अपने स्तंभ में लिखा, "यह एशेज शृंखला है और अगले टेस्ट के लिये चयन में पुरानी यादों की भूमिका होने की बिल्कुल भी संभावना नहीं है। जिमी एंडरसन को (मैनचेस्टर में ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम के) जिमी एंडरसन छोर पर गेंदबाजी करने देना अच्छी कहानी है, लेकिन बेन स्टोक्स या ब्रेंडन मैकुलम के दिमाग में यह विचार नहीं होगा। वे उस विशेष सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिये सबसे मजबूत टीम चुनेंगे। वे जो भी निर्णय लें, मैं इससे पूरी तरह खुश हूं।"

शुरुआती दो मैचों में एंडरसन के प्रदर्शन को अगर नज़रंदाज़ कर दिया जाये तो स्टोक्स के कप्तानी संभालने के बाद से वह टीम का एक अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बाज़बॉल काल के 12 मैचों में 21.22 की औसत से 48 विकेट चटकाये हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड पर खेले गये 10 टेस्ट मैचों में भी उनकी औसत 22.02 की है। ओली रॉबिन्सन की पीठ में खिंचाव होने के कारण 19 जुलाई से शुरू होने वाले टेस्ट में एंडरसन को मौका मिलने की मज़बूत संभावना है। एंडरसन ने लिखा, "मैं जानता हूं कि मुझे टीम में जगह मिलने की कोई गारंटी नहीं और मैं यह भी समझता हूं कि कोच-कप्तान जीतने वाली टीम के साथ ही उतरना चाहेंगे। टीम चयन मेरे हाथ में नहीं। मैं सिर्फ यह कोशिश करता हूं कि मैं अच्छी स्थिति में रहूं और खेलने के लिये तैयार रहूं।"

उन्होंने लिखा, "जब आप अपने करियर के उस दौर में होते हैं जहां मैं हूं तो आपको नहीं मालूम होता कि आपका आखिरी मैच कौनसा होगा। अगर मैं खेलता हूं तो यह ओल्ड ट्रैफर्ड पर मेरा आखिरी टेस्ट हो सकता है। कौन जानता है? मैं इस बारे में नहीं सोच रहा। मैं बस टीम के साथ जुड़ा रहना चाहता हूं और जीत में योगदान देना चाहता हूं जिससे इंग्लैंड शृंखला में बराबरी कर ले।"


**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-तृतीय**
**जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर दूरभाष संख्या : 0141-4901853**

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा **आवास संख्या-14/H/390 इंदिरा गांधी नगर, जयपुर,** क्षेत्रफल 128.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री महेश चन्द शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 522 दिनांक 19/4/2011 से जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 16/6/2011 को करवाया गया।
श्री महेश चन्द शर्मा की मृत्यु दिनांक 1/6/2022 को हो जाने के कारण श्री श्याम सुन्दर शर्मा के द्वारा वसीयत के आधार पर आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, घोषणा पत्र, वसीयत एवं वसीयत में अंकित गवाह श्री जे.पी. श्रीवास्तव का शपथ पत्र एवं स्वप्रमाणित पहचान पत्र एवं द्वितीय गवाह श्री सुरेश चन्द गुप्ता का शपथ पत्र तथा मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है।
अतः उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध मे किसी भी व्यक्ति/बैंक/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय मे व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि मे कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त आवेदनकर्ता **श्री श्याम सुन्दर शर्मा पुत्र श्री हीरा लाल शर्मा** के पक्ष मे उक्त आवास के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

**सम्पदा प्रबंधक वृत्त तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर**


## हसरंगा, गार्डनर को आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार

**दुबई, 11 जुलाई।** श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम की ऑलराउंडर एशलेग गार्डनर को जून में उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए मंगलवार को आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुना गया।

जिंबाब्वे में विश्व कप क्वालीफायर में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन के बाद हसरंगा को इस पुरस्कार के लिए चुना गया। महिला एशेज टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली गार्डनर तीन बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनी। आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में जगह बनाने वालों, पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों, मीडिया प्रतिनिधियों और आईसीसी-क्रिकेट.कॉम पर पंजीकृत वैश्विक क्रिकेट प्रशंसकों के विशेषज्ञ पैनल के बीच मतदान के बाद इन दोनों खिलाड़ियों को पुरस्कार के लिए चुना गया। हसरंगा ने पिछले महीने 10 के औसत से 26 विकेट चटकाए। उन्होंने विश्व कप क्वालीफायर में श्रीलंका के पहले मैच में यूएई के खिलाफ छह विकेट चटकाए और फिर ओमान और आयरलैंड के खिलाफ क्रमशः 13 और 79 रन देकर पांच-पांच विकेट हासिल किए। हसरंगा इस दौरान एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में लगातार तीन मैच में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाने वाले पहले गेंदबाज बने। उन्होंने श्रीलंका को पांच अक्टूबर से भारत में शुरू हो रहे आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी ने विज्ञप्ति में हसरंगा के हवाले से कहा, "यह (पुरस्कार) श्रीलंका क्रिकेट के लिए सही समय पर आया है, हमारे भारत में होने वाले क्रिकेट विश्व कप में जगह बनाने के बाद।

## क्वार्टरफाइनल में उलटफेर का शिकार हुईं स्वियातेक

लंदन, 11 जुलाई पोलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी इगा स्वियातेक मंगलवार को विंबलडन 2023 के क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन की एलीना स्वितोलाना के हाथों उलटफेर का शिकार होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गयीं।

पूर्व विश्व नंबर तीन स्वितोलाना ने फॉर्म में लौटने का अंदेशा देते हुए विश्व नंबर एक स्वियातेक को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराकर दूसरी बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार फ्रेंच ओपन और एक बार अमेरिकी ओपन जीतने वाली स्वियातेक का यह विंबलडन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह पिछले साल भी इस आयोजन में तीसरे चरण तक ही पहुंच सकी थीं। बीते अक्टूबर अपनी बेटी को जन्म देने के बाद अप्रैल 2023 में कोर्ट पर लौटीं स्वितोलीना पहले सेट में 3-5 से पिछड़ी हुई थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 18 में से 16 पॉइंट अपने हित में किये। इससे मैच का रुख यूक्रेनी खिलाड़ी की ओर पलट गया। स्वियातेक ने भले ही दूसरा सेट टाइब्रेक में जीता, लेकिन स्वितोलीना ने तीसरे सेट में 4-2 की तीव्र बढ़त लेने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। स्वितोलीना 2019 के बाद पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में पहुंची हैं, जहां उनका सामना चेक गणराज्य की मार्केटा वोंद्रोसोवा से होगा। वोंद्रोसोवा अपने क्वार्टरफाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-4, 2-6, 6-4 से हराकर आ रही हैं।

## प्रो पंजा लीग में हिस्सा लेंगे 180 खिलाड़ी

**नयी दिल्ली, 11 जुलाई।** प्रो पंजा लीग (पीपीएल) ने मंगलवार को पहले सीज़न में हिस्सा लेने वाले 180 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की। राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 28 जुलाई से 13 अगस्त बीच होने वाले इस आयोजन के लिये खिलाड़ियों को किराक हैदराबाद, मुंबई मसल, रोहतक राउडीज, लुधियाना लायंस, बड़ौदा बादशाह्स और कोच्चि केडीज सहित छह टीमों में बांटा गया है।

आठ बार के राष्ट्रीय पंजा चैंपियन राहुल पणिक्कर (70 किग्रा) रोहतक की फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं। राष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट संजय देसवाल (100 किग्रा) इस फ्रेंचाइजी में उनके साथ हैं। पीपीएल के पहले रैंकिंग टूर्नामेंट के 90 किग्रा वर्ग के विजेता सिद्धार्थ मालाकार किराक हैदराबाद में शामिल हुए हैं। पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन मोहसिन शेख (60 किग्रा) और पंजाब के हरमन मान (90 किग्रा) को बड़ौदा बादशाह्ज़ ने अपनी फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाया है। महाराष्ट्र के तौहीद शेख (90 किग्रा) लुधियाना लायंस के अठाणी खिलाड़ी हैं। पंजाब राज्य चैंपियन शिवम राजपूत 100 किग्रा भार वर्ग में उनका साथ देंगे। कोच्चि केडीज ने आकाश कुमार (70 किग्रा) पर भरोसा जताया है, जबकि काइल कमिंग्स (90 किग्रा) मुंबई मसल के अठाणी खिलाड़ी हैं। प्रत्येक टीम में कुल 30 खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग भार वर्गों में अपनी फ्रेंचाइजी के लिये अंक बटोरने का प्रयास करेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत तैज्या का बास समिति सांभरलेक जिला जयपुर (राज.)**
क्रमांक- तैज्या का बास/निविदा/लेखा/2023-24/30 दिनांक-06.07.2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2023-24/30**

पंचायत समिति सांभरलेक के अधीनस्थ ग्राम पंचायत तैज्या का बास के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत वाणिज्यिक कर विभाग में पंजीकृत ऐसे विनिर्माताओं, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं है, से ई-टेन्डरिंग की प्रक्रिया द्वारा निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा में जमा कराये जाने योग्य शुल्कों की राशि व जमा करवाने का माध्यम एवं अन्य शर्ते एवं निविदा में सम्पादित करवाये जाने वाले कार्यो की राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण पंचायत समिति/ग्राम पंचायत कार्यालय समय में एवं उपापन पोर्टल (www.sppp.rajasthan.gov.in) एवं (www.eproc.rajasthan.gov.in) पर अवलोकन की जा सकती है।

UBIN NO. 2023_PRD_349906_1, TENDER ID-ZJP2324GLOB01022

**सरपंच**
**ग्राम पंचायत/तैज्या का बास**
**पं.स. सांभरलेक जिला जयपुर**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत/तैज्या का बास**
**पंचायत समिति सांभरलेक**


## चौथे टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में कोई बदलाव नहीं

**मैनचेस्टर, 11 जुलाई।** इंग्लैंड ने ओल्ड ट्रैफर्ड में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ होने वाले चौथे एशेज़ टेस्ट से पहले अपनी 14-सदस्यीय स्क्वाड में कोई बदलाव नहीं किया है। पांच मैचों की शृंखला में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेजबान टीम ने लीड्स में रोमांचक जीत के साथ एक बार फिर वापसी की। चौथे टेस्ट के लिये 19 जुलाई को मैदान पर उतरते हुए बेन स्टोक्स की टीम हार टालकर शृंखला को जीवंत रखने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी सूची में जॉनी बेयरस्टो टीम के एकमात्र विकेटकीपर बने हुए हैं। तीसरे टेस्ट में एकादश से बाहर रहे जेम्स एंडरसन 14-सदस्यीय स्क्वाड में बरकरार हैं, हालांकि मार्क वुड और क्रिस वोक्स के शानदार प्रदर्शन के बाद ओल्ड ट्रैफर्ड में उनका खेलना सुनिश्चित नहीं है।

# हरमनप्रीत की आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी

दुबई, 11 जुलाई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में अच्छे प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को जारी नवीनतम आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी की।

हरमनप्रीत ने 115 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी खेली जिससे वह चार स्थान के फायदे से 10वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की ताहलिया मैकग्रा 784 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं जबकि उनके बाद टीम की उनकी साथी बेथ मूनी (777) का नंबर आता है। स्मृति मंधाना (728), सोफी डिवाइन (683) और सूजी बेट्स (677) शीर्ष पांच में शामिल अन्य खिलाड़ी हैं। बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में किफायती गेंदबाजी करने वाली दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की सूची में 733 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था लेकिन दीप्ति ने अपने स्पैल में सिर्फ 14 रन दिए थे। नोनकुलुलेको मलाबा (746) शीर्ष पर चल रही हैं जबकि सोफी एक्लेस्टोन (788) दूसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के खिलाफ दो मैच 44 और 52 रन की पारी खेलने वाली न्यूजीलैंड की स्टार बल्लेबाज सूजी बेट्स तीन स्थान के फायदे से बल्लेबाजी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर हैं। आयरलैंड के खिलाफ गेंद और बल्ले से अच्छे प्रदर्शन के लिए श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज पांच स्थान के फायदे से बल्लेबाजों की सूची में 17वें स्थान पर पहुंच गई है। श्रृंखला में 37, 50 और 48 रन की पारी खेलने के अलावा आठ विकेट चटकाने वाली मैथ्यूज गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से सातवें पायदान पर हैं। उन्होंने ऑलराउंडर की सूची में भी करियर के सर्वश्रेष्ठ 422 अंक जुटाए हैं लेकिन दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर 435 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान के फायदे से 15वें जबकि गेंदबाजों की सूची में तीन स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर हैं। वह ऑलराउंडर की सूची में भी एक स्थान आगे बढ़कर तीसरे पायदान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड की डेनी वाट (तीन स्थान के फायदे से 14वें स्थान पर) और ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पैरी (छह स्थान के फायदे से 25वें स्थान पर) को भी फायदा हुआ है।


**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं पदेन बीआरसीएफ, श्रीमाधोपुर**
क्रमांक- समग्र शिक्षा/शि.प्रशि/लेखा/2023/77 दिनांक-11.07.2023

**निविदा सूचना**

श्रीमान राज्य परियोजना निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर के पत्र क्रमांक-स.स्कू.शि.प./जय/प्रशिक्षण/एफ-24-01798/2023-24/2211 दिनांक 28.06.2023 एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा सीकर के आदेश क्रमांक-जिपस/सीकर/प्रशिक्षण/2023-24/2488 दिनांक 07.07.2023 के अनुसार सत्र 2023-24 में कक्षा 1 से 5 में अध्ययन कराने वाले शिक्षकों की क्षमता संवर्धन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 17.07.2023 से 07.08.2023 तक किया जाना है। इस हेतु इच्छुक सम्बन्धित रजिस्टर्ड फर्म से मोहरबन्द निविदाए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

NIB-RSE2324A0464, UBN-RSE2324SSOB00891

राशि रूपए में

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य/सेवा का विवरण | अनुमानित राशि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की दिनांक | निविदा प्रपत्र जमा कराने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (01) | गैर आवासीय शिविर में अल्पाहार,भोजन,चाय | 500000 | 200 | 7000 | 12.07.2023 से 13.07.2023 दोपहर 1.00 बजे तक | 14.07.2023 दोपहर 12.00 बजे तक |
| 2 | (02) | बैठक, एवं टेन्ट व्यवस्था पानी व्यवस्था | 200000 | 200 | 3000 | 12.07.2023 से 13.07.2023 दोपहर 1.00 बजे तक | 14.07.2023 दोपहर 12.00 बजे तव |
| 3 | (03) | पैन, डायरी, टी.एल.एम. स्टेशनरी, बैनर | 1.50 लाख | 200 रू. | 2000 रू. | 12.07.2023 से 13.07.2023 दोपहर 1.00 बजे तक | 14.07.2023 दोपहर 12.00 बजे तक |

निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2023 से 13.07.2023 दोपहर 1.00 बजे तक कार्यालय समय में प्राप्त कर सकते है। सीलबन्द निविदाएं दिनांक 14.07.2023 दोपहर 12.00 बजे तक जमा की जा सकती है। प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 14.07.2023 को बाद दोपहर 3.00 बजे गठित कमेटी के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। समस्त प्रकार के निविदा शुल्क/धरोहर राशि B.E.E.O. SSA श्रीमाधोपुर के पक्ष में डी.डी./चैक द्वारा देय होगी।
पोर्टल से डाउनलोड की गई निविदा के साथ पृथक से निविदा शुल्क का डी.डी./चैक संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क/धरोहर राशि के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। सशर्त निविदाए स्वीकार नहीं की जायेगी। किसी भी निविदा का बिना बताये रद्द करने का अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित होगा। निविदा सूचना sppp.rajasthan.gov.in पर देखी या प्राप्त की जा सकती है। निविदा की विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन बीआरसीएफ, समग्र शिक्षा अभियान श्रीमाधोपुर**


# दूसरा टी20 जीतकर भारत ने शृंखला में बनायी अजेय बढ़त

**ढाका, 11 जुलाई।** भारत ने दीप्ति शर्मा (12/3), मिन्नू मणि (9/2) और शेफाली वर्मा (15/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मंगलवार को रोमांच से भरे दूसरे महिला टी20 में बंगलादेश को आठ रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। बल्लेबाजों की असफलता के कारण भारत 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 95 रन ही बना सका, लेकिन गेंदबाजों ने बंगलादेश को 20 ओवर में 87 रन पर ऑलआउट कर दिया। गेंदबाजों की अगुवाई दीप्ति ने की जिन्होंने चार ओवर में 12 रन देते हुए तीन विकेट लिये, जिसमें बंगलादेश के लिये सर्वाधिक रन बनाने वाली कप्तान निगार सुल्ताना (38) का विकेट भी शामिल रहा। अपना दूसरा टी20 खेल रहीं मिन्नू ने चार ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिये, जबकि बरेड्डी अनुषाने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

बंगलादेश को आखिरी ओवर में 10 रन की दरकार थी। शेफाली ने इस ओवर में मात्र एक रन देते हुए तीन विकेट चटकाये, जबकि चौथा विकेट रनआउट के रूप में गिरा और बंगलादेश 87 रन पर ऑलआउट हो गयी।

बंगलादेश के सामने मात्र 96 रन का लक्ष्य रखने के बाद भारत की जीत का दारोमदार गेंदबाजों के ऊपर था। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूजा वस्त्राकर के पहले ओवर में बंगलादेश ने शमीमा सुल्ताना एवं साथी रानी के एक-एक चौके की मदद से 10 रन बटोर लिये।

इसके बाद स्पिनरों ने भारत के लिये मोर्चा संभाला। मिन्नू ने दूसरा ओवर मेडन फेंकते हुए सुल्ताना का विकेट निकाला, जबकि दीप्ति ने तीसरे ओवर में तीन रन देकर रानी को आउट किया। बरेड्डी ने पावरप्ले के फौरन बाद मुर्शिदा खातून (चार) का विकेट निकाला, जबकि मिन्नू ने ऋतु मोनी को पगबाधा आउट कर बंगलादेश का स्कोर आठ ओवर में 31/4 कर दिया।

लगातार गिरते विकेटों के बीच कप्तान सुल्ताना ने बंगलादेश की पारी को संभाला। उन्होंने शोर्ना अख्तर के साथ पांचवें विकेट के लिये 34 रन जोड़े। शोर्ना 17 गेंद पर सात रन बनाकर आउट हो गयीं, हालांकि सुल्ताना ने मैच को अंत तक ले जाने का पूरा प्रयास किया। बंगलादेश को जब 13 गेंद पर 15 रन चाहिये थे, तब हरलीन देओल ने जेमिमा रॉड्रिग्स की गेंद पर उनका कैच गिरा दिया। एक समय पर ऐसा लगा कि बंगलादेश यह मुकाबला जीत जायेगी, लेकिन दीप्ति ने 19वें ओवर में मात्र चार रन देते हुए सुल्ताना को आउट किया। सुल्ताना ने 55 गेंद पर 38 रन बनाये और उनका विकेट गिरते ही भारत की जीत लगभग सुनिश्चित हो गयी। आखिरी ओवर में नये बल्लेबाजों के लिये 10 रन बनाना आसान नहीं था। राबिया खान पहली ही गेंद पर रनआउट हो गयीं, जबकि नाहिदा अख्तर, फहीमा खातून और मारूफा अख्तर ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में अपने विकेट गंवाये।

इससे पूर्व, भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन शेर-ए-बंगला स्टेडियम की धीमी पिच पर कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। शेफाली ने 14 गेंद पर चार चौकों की सहायता से भारत के लिये सर्वाधिक 19 रन बनाये, जबकि अमनजोत कौर ने 17 गेंद पर 14 रन की पारी खेली। स्मृति मंधाना ने 13 रन जबकि दीप्ति ने 10 रन का योगदान दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित भारत के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। वस्त्राकर (तीन गेंदें, एक चौका, सात रन) और मिन्नू (तीन गेंदें, एक चौका, पांच रन) ने नाबाद रहकर भारत को 95/8 के स्कोर तक पहुंचाया। बंगलादेश की ओर से सुल्ताना खातून ने सर्वाधिक तीन विकेट लिये, जबकि फहीमा ने एक विकेट चटकाया। मारूफा, नाहिता और राबिया को एक-एक सफलता हाथ लगी।

## पूरी आजादी के साथ खेलें जायसवाल : रहाणे

डोमिनिका, 11 जुलाई। भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे चाहते हैं कि अगर युवा प्रतिभा यशस्वी जायसवाल वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में पदार्पण करें, तो वह पूरी आज़ादी के साथ खेलें।

रहाणे ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, सबसे पहले, मैं उसके लिये खुश हूं। उसने मुंबई के लिये घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया, आईपीएल में भी अच्छा प्रदर्शन किया। वह लाल गेंद क्रिकेट में जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहा है वह सबसे महत्वपूर्ण है। उसने पिछले साल दलीप ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया था।"

रहाणे ने कहा, मेरा उन्हें संदेश सिर्फ यही होगा कि वह उसी तरह बल्लेबाजी करे जिस तरह से अब तक करता आया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और अन्य चीजों के बारे में बहुत ज्यादा न सोचे और खुलकर खेले। मुझे लगता है कि उसे मैदान पर जाकर अपना खेल खेलने की ज़रूरत है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। मैं उसके लिये बेहद खुश हूं।" भारतीय टीम 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान की शुरुआत करते हुए बुधवार से शुरू होने वाले मुकाबले में कैरिबियाई टीम का सामना करेगी। नंबर तीन के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के बाहर होने के बाद जायसवाल का पदार्पण करना लगभग तय है। जायसवाल ने अब तक 26 प्रथम श्रेणी पारियों में 80 से अधिक की औसत से रन बनाये हैं और उन्होंने पिछले साल दलीप ट्रॉफी फाइनल में 265 रन की शानदार पारी भी खेली थी। राजस्थान रॉयल्स के लिये खेलने वाले जायसवाल ने इस साल आईपीएल में 48 की औसत और 163.61 के स्ट्राइक रेट से 625 रन भी बनाये।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्राहिताओं एवं सहऋणग्राहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्राहिताओं एवं सहऋणग्राहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियां उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूची में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्राहिताओं एवं सहऋणग्राहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की राशि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पत्ति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 20378207 और 29695881 | गृह ऋण | 1. मो. सलीम 2. साना बानो | 10.06.2023 | 36,35,545.68/- | प्लाट नं. 66 के पूर्वी हिस्से का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 128.88 वर्गगज अर्थात 107.76 वर्ग मीटर्स, नारायणपुरी-बी, उद्योग नगर के पास, निवारू रोड, झोटवाडा, जयपुर, राजस्थान-302012, और सीमाये है-पूर्व- प्लाट नं. 67, पश्चिम-प्लाट नं. 66 का बचा हुआ हिस्सा, उत्तर-रोड 30 फिट, दक्षिण-प्लाट नं. 65 |
| 2. | 13846483 | गृह ऋण | 1. परमजीत सिंह 2. सुरजीत कौर | 22.05.2023 | 9,24,310.85/- | प्लाट नं. 287, स्कीम गोकुल गार्डन सिटी, किशोरपुरा, पनवालिया, सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302029 का पूरा व प्रत्येक भाग, क्षेत्रफल 134.44 वर्गगज, सीमाये निम्न है-पूर्व-प्लाट नं. 268, पश्चिम-प्लाट नं. 266, उत्तर-रोड 30 फिट, दक्षिण-प्लाट नं. 286 |

आपको एतद् द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूची में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चों, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा / इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री / लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिए प्रतिबंधित है।

ह./-
दिनांक : 12-07-2023
स्थान : जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी,
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)